लघु वित्त बैंकों का प्रदर्शन - एक प्रारंभिक समीक्षा*

लघु वित्त बैंक (एसएफबी) विकास के प्रारंभिक चरण में हैं। ये ऐसे बैंकिंग संस्थाएं हैं जिनका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यवहार्य व्यवसाय मॉडल विकसित करना है। इस अध्ययन में प्रारंभिक नीतिगत इनपुट के लिए लघु वित्त बैंकों के कार्य-निष्पादन का प्रारंभिक मूल्यांकन शामिल है। इस विश्लेषण से इन संस्थानों के कार्य-निष्पादन के सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण निर्धारक के रूप में दक्षता, लीवरेज, चलनिधि और बैंकिंग व्यवसाय जैसे कारकों को दर्शाता है।

भूमिका

"कहीं भी गरीबी का व्याप्त होना समृद्धि के लिए संकट की स्थिति है।"[1] यह वक्तव्य संक्षेप में वैश्विक चुनौती के रूप में विषम विकास की कमियों को इंगित करता है। जबकि एक समावेशी और सतत् विकास सदैव से भारत में अभिशासन का उद्देश्य रहा है, इस उद्देश्य को हाल के दिनों में वित्तीय समावेशन की नीति के माध्यम से एक नया प्रोत्साहन मिला है। अंतिम छोर पर व्यक्ति को जोड़ने के लिए एक बड़े कदम में, विशिष्ट क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए विभेदित बैंकों को बढ़ावा देने के लिए एक संरचना की घोषणा केंद्रीय बजट 2014-15 में की गई थी। इन विशिष्ट क्षेत्रों में किसान, कम आय वाले परिवार, लघु व्यवसाय, असंगठित क्षेत्र आदि सम्मिलित थे।

इस संरचना के हिस्से के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के लाइसेंसीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए। एसएफबी के प्रारम्भ का प्राथमिक उद्देश्य जमाराशियों के प्रभावी विनियोजन और सूक्ष्म, लघु और असंगठित संस्थाएं को निम्न प्रसंस्करण लागत पर ऋण सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से वित्तीय समावेशन में सुधार करना था (आरबीआई, 2014)। एसएफबी के दिशानिर्देशों का मसौदा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए विभेदित बैंकों के साथ पूर्व में किए गए प्रयोगों में हुई कमियों जैसे कि संकीर्ण पूंजी आधार, प्रतिबंधात्मक भौगोलिक क्षेत्राधिकार, निधियों के स्रोत में विविधीकरण की कमी और संकेंद्रण जोखिम को सुधारते हुए बनाया गया था (गांधी, 2015)। लघु वित्त बैंकों में "लघु" शब्द समाज के अलग रखे गए तबके की सेवा के उद्देश्य को दिए गए महत्व को संदर्भित करता है, न कि बैंक का आकार को। उनके ऋण पोर्टफोलियो के कम-से-कम 50 प्रतिशत हिस्से में ₹25 लाख तक के ऋण शामिल होने चाहिए।

लघु या सामुदायिक बैंकिंग- उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं, दोनों में, समान रूप से लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) की सेवा करने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रचलित मॉडल है। पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली की तुलना में लघु बैंकों से जुड़े पक्ष और विपक्ष दोनों हैं। एक तरफ, बड़े बैंकों के पास स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) और शाखाओं का बेहतर प्रसार है, वहीं लघु बैंक छोटे ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवा प्रदान करने में अधिक लचीले होने के लिए जाने जाते हैं (बर्जर और उडेल, 1995)। जबकि बड़े बैंक बड़े उद्यमियों को आस्तियों का उच्च अनुपात आबंटित करते हैं, तो स्थानीय बैंक पड़ोसी समुदाय की सेवा करते हैं (बर्जर और अन्य, 1995)। बड़े बैंक उधार देने के लिए आमतौर पर उधारकर्ताओं की साख, संपार्श्विक और लेखापरीक्षित विवरण जैसी ठोस जानकारी पर अधिक भरोसा करते हैं। लघु बैंक स्थानीय समुदाय के फीडबैक पर आधारित सुलभ जानकारी पर भरोसा करते हैं।

भारत में, एसएफबी की स्थापना का एक महत्वपूर्ण कारण एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को वित्त उपलब्ध कराना रहा है। योजित सकल मूल्य (जीवीए) में एमएसएमई की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है, जिसने 2015-16 के दौरान 11 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार उत्पन्न किया (भारत सरकार, 2020)। एमएसएमई को लाभदायक परियोजनाओं में निवेश करने के अवसरों की बाह्य वित्त की अनुपलब्धता के कारण कटौती की जा सकती है। एमएसएमई को ऋण संवितरण पर बैंकिंग प्रणाली के झटके भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि यह अतीत में बढ़े एनपीए (अनर्जक आस्तियों) के कारण हुआ है। इसलिए, भारतीय संदर्भ में एमएसएमई की एक केंद्रित तरीके से आवश्यकता पूर्ति करने वाले समर्पित मध्यस्थ की आवश्यकता हो सकती है (हेकेन्स और अन्य, 2015; हसन और अन्य, 2017)।

* यह आलेख डीएसआईएम में सहायक परामर्शदाता श्री नितिन कुमार और डीईपीआर में प्रबंधक सुश्री सरिता शर्मा द्वारा तैयार किया गया है। इस आलेख में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के हैं और यह आवश्यक नहीं है कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व करते हों।

[1] फिलाडेल्फिया की आईएलओ घोषणा, 1944

इस आलेख में एसएफबी के परिचालन के संबंध में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया गया है: ए. एसएफबी का अब तक का परिचालनगत कार्य-निष्पादन कैसा रहा है? बी. एसएफबी की लाभप्रदता के चालक कौन हैं? हम कुछ शोधपरक तथ्यों का विश्लेषण करते हैं और लघु वित्त बैंकों के कार्य-निष्पादन के निकटस्थ निर्धारक तत्वों की भूमिका पर अनुभवजन्य साक्ष्य प्रदान करते हैं। आलेख के खंड 2 में एसएफबी के परिचालन के लिए नीतिगत ढांचे को स्पष्ट करता है। डेटा और चर की चर्चा खंड 3 में की गई है और उसके बाद खंड 4 में विश्लेषणात्मक कार्यनीति का वर्णन किया जाता है। निष्कर्षों की प्रस्तुति और चर्चा खंड 5 में और खंड 6 में विश्लेषण के सारांश होता है।

2. लघु वित्त बैंक: नीतिगत दृष्टिकोण

वंचित वर्गों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभेदित बैंकों को बढ़ावा देने के लिए एक संरचना की आवश्यकता के लिए केंद्रीय बजट 2014-15 में भारत सरकार की घोषणा से संकेत लेते हुए रिज़र्व बैंक ने 2014-15 के दौरान लघु वित्त बैंकों के लाइसेंसीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए (आरबीआई, 2014)। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन के उद्देश्य निम्न रूप से को आगे बढ़ाना था: (i) मुख्य रूप से आबादी के वंचित और कम सेवा वाले वर्गों के लिए बचत वाहनों का प्रावधान। और (ii) उच्च प्रौद्योगिकी-कम लागत के परिचालन के माध्यम से लघु व्यवसाय इकाइयों; छोटे और सीमांत किसान; सूक्ष्म और लघु उद्योग; और अन्य असंगठित क्षेत्र की संस्थाओं को ऋण की आपूर्ति। लघु वित्त बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के रूप में पंजीकृत हैं और समय-समय पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949; आरबीआई अधिनियम, 1934 और अन्य प्रासंगिक क़ानून और निर्देशों द्वारा शासित हैं। तब से, रिज़र्व बैंक द्वारा लघु वित्त बैंकों के "मांग पर" लाइसेंसीकरण के लिए मसौदा दिशानिर्देश तैयार किए जाते हैं (आरबीआई, 2019)। वरिष्ठ स्तर पर बैंकिंग और वित्त में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले निवासी व्यक्ति/ पेशेवर (भारतीय नागरिक) एसएफबी स्थापित करने के लिए प्रवर्तक के रूप में पात्र हैं। "फिट एंड प्रापर" प्रवर्तकों / प्रवर्तक समूहों की जांच स्वस्थ्य प्रमाण, अखंडता, वित्तीय सुदृढ़ता और पेशेवर अनुभव के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के पिछले रिकॉर्ड के के आधार पर की जानी चाहिए।

एसएफबी की स्थापना के लिए न्यूनतम चुकता पूंजी आवश्यकता ₹200 करोड़ है जिसमें पूंजी पर्याप्तता अनुपात निरंतर आधार पर जोखिम भारित परिसंपत्तियों का 15 प्रतिशत है। मौजूदा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई), और स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) भी दिशानिर्देशों के अधीन एसएफबी में परिवर्तन के लिए पात्र हैं। इससे पहले, 27 सितंबर 2018 को, रिज़र्व बैंक ने श्री आर. गांधी की अध्यक्षता में शहरी सरकारी बैंकों (यूसीबी) पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अनुशंसाओं के अनुरूप पात्र यूसीबी को लघु वित्त बैंकों में स्वैच्छिक परिवर्तन के लिए एक योजना की घोषणा की। इस योजना के अनुसार, एसएफबी में परिवर्तन के इच्छुक यूसीबी को एसएफबी के इन "मांग पर" लाइसेंसीकरण दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। ऐसे लघु वित्त बैंकों की न्यूनतम निवल संपत्ति कारोबार शुरू होने की तारीख से ₹100 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा, उन्हें कारोबार शुरू होने की तारीख से पांच साल के भीतर अपनी न्यूनतम निवल संपत्ति ₹200 करोड़ तक बढ़ानी होगी।

3. डेटा

लघु वित्त बैंकों के प्रदर्शन का आंकलन करने के लिए मार्च 2017 से मार्च 2020 तक एसएफबी के तिमाही आंकड़े पर्यवेक्षी रिटर्न के आधार पर संकलित किए जाते हैं। अध्ययन के समय भारत में कुल दस एसएफबी काम कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने अलग-अलग समय-बिंदुओं पर संचालन शुरू किया है। तदनुसार, हम विश्लेषण के लिए एक असंतुलित पैनल का निर्माण करते हैं। सभी चरों का विवरण नीचे दी गई सारणी 1 में दर्शाया गया है।

आश्रित चरों के लिए, साहित्य से संकेत लेते हुए हमने बैंक के कार्य-निष्पादन के लिए तीन प्रमुख संकेतक शामिल किए हैं, अर्थात्, लाभ मार्जिन, आरओई (इक्विटी पर प्रतिफल) और आरओए (आस्तियों पर प्रतिफल) (डीट्रिच और वानजेनरिड, 2014; पेट्रिया और अन्य, 2015: बर्जर और बाउमन, 2013)। व्याख्यात्मक चरों की ओर मुड़ते हुए, जीडीपी डिफ्लेटर द्वारा सामान्यीकृत आस्तियों के लघुगणक को आकार भिन्नता के लिए खाते में शामिल किया जाता है।

सारणी 1: चर की परिभाषा

चर	विवरण
	आश्रित
लाभ का अंतर	औसत बिक्री से निवल आय (प्रतिशत)
इक्विटी पर प्रतिफल	औसत इक्विटी से निवल आय (प्रतिशत)
आस्ति पर प्रतिफल	औसत आस्ति से निवल आय (प्रतिशत)
	स्वतंत्र
लॉग (आस्ति)	आस्तियों का लॉग
दक्षता	परिचालन आय की तुलना में परिचालन व्यय का प्रतिशत
लीवरेज	आस्तियों के लिए चुकता अंश पूंजी का प्रतिशत
चलनिधि	(चलनिधि*100)/ आस्तियां यहां, चलनिधि = नकद निधि+ बैंकों / एफआई / सीसीपी से देय + स्वीकृत प्रतिभूतियां
दबावग्रस्त_अग्रिम	सकल अग्रिमों की तुलना में (जीएनपीए + पुनर्रचित मानक अग्रिम) का प्रतिशत
बैंकिंग_व्यवसाय	(क्रेडिट + जमाराशि)*100/ आस्ति
सीओएफ	निधियों की लागत
एलएलपी	ऋण हानि प्रावधान अर्थात सकल अग्रिमों के लिए एनपीए हेतु धारित प्रावधानों का प्रतिशत
प्रभावी_कर	कर पूर्व लाभ के लिए आयकर के प्रावधान का प्रतिशत
टीई	समय प्रभावों को अलग करने के लिए टाइम डमी

इसके अलावा, बैंकों में लागत आय अनुपात को दक्षता अंतर मापने के लिए सम्मिलित किया जाता है। लीवरेज को वित्तीय सुदृढ़ता और स्थिरता को प्रतिबिंबित करने वाला कारक माना गया है। इसी तरह, चलनिधि, दबावग्रस्त अग्रिमों और बैंकिंग व्यवसाय जैसे कारकों को एसएफबी के कार्य-निष्पादन पर उनके संभावित प्रभाव का आंकलन करने के लिए चुना जाता है।

निधियों की लागत (सीओएफ) लाभप्रदता का निर्धारण करने वाला एक महत्वपूर्ण चर है (राखे, 2010)। यह विभिन्न मध्यस्थता गतिविधियों के माध्यम से निधियाँ जुटाने में हुए व्यय को दर्शाता है। ऋण हानि प्रावधान (एलएलपी) एक अन्य प्रासंगिक चर है जिसका बैंक के कार्य-निष्पादन पर असर पड़ सकता है (डीट्रिच और वानजेनरिड, 2014)। यह एक बैंक के लिए ऋण की गुणवत्ता और उसके आबंटन को दर्शाता है। उच्च एलएलपी का तात्पर्य निम्न क्रेडिट गुणवत्ता से है जिसका बैंक की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। लाभप्रदता पर इसके प्रभाव को समझने के लिए प्रभावी कर दर को शामिल किया गया है। एक ओर, उच्च कर दर से कर-पश्चात लाभ कम हो सकता है (डेमिरगुक-कुंट और हुइज़िंगा, 1999)। इसके विपरीत, बैंक अपने ग्राहकों पर कराधान का बोझ स्थानांतरित कर सकते हैं (अल्बर्टाज़ी और गैम्बाकोर्टा, 2009)।

साहित्य व्यावसायिक चक्रों या बाह्य कारकों के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करता है जिनका बैंक के कार्य-निष्पादन का निर्धारण करने में भी असर हो सकता है, जैसे पेट्रिया और अन्य (2015), बर्जर और बाउमन (2013) और राखे (2010) के मामले में। इस संबंध में, हमने नमूने में सभी एसएफबी को प्रभावित करने वाले समय के अलग-अलग सभी कारकों को दर्शाने के लिए अपने विश्लेषण टाइम डमी की सूची में शामिल किया है।

4. कार्यप्रणाली

हमारे सूचना समूह की अनुदैर्ध्य प्रकृति के कारण, बैंक स्तर की विशेषताएं समय के साथ स्वतंत्र नहीं हो सकती हैं, जिससे सामान्य न्यूनतम स्क्वायर तकनीक अनुपयुक्त हो जाती है, जो पक्षपाती अनुमान प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, एसएफबी की लाभप्रदता और अन्य नीतिगत निर्णय एक ही अवधि में विस्तारित हो सकते हैं जिससे दृढ़ता बनी रहती है। इसलिए, एक गतिशील ढांचा विनियोजित किया जाता है जिसमें पिछली अवधि की लाभप्रदता को एक स्वतंत्र चर के रूप में भी लिया जाता है। बड़ी संख्या में क्रॉस सेक्शन और छोटी समय अवधि वाले गतिशील पैनल मॉडल में, जेनेरलाइज़्ड मेथड ऑफ मोमेंट्स (जीएमएम) एस्टीमेटर कुशल अनुमान प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं (एरेलानो और बॉन्ड, 1991; एरेलानो और बोवर, 1995)। जीएमएम निम्न रूप में प्रतिपादित किया गया है:

$$y_{i,t} = \alpha y_{i,t-1} + \beta' X_{i,t} + \eta_i + \varepsilon_{i,t}; \text{where } \varepsilon_{i,t} \sim N(0, \tau^{-1}) \quad \ldots(1)$$

समीकरण (1) में, t^{th} अवधि में i^{th} एसएफबी के आश्रित चर को दर्शाता है। पश्चायित अंतर्जात चर को $Y_{i,t-1}$ द्वारा दर्शाया जाता है। मैट्रिक्स $X_{i,t}$ व्याख्यात्मक चर के मूल्यों को दर्शाता है। अनदेखा एसएफबी प्रभाव है और विशेष प्रकृति के सामान्य स्वभाव के झटके हैं। सभी विशिष्टताओं का अनुमान जीएमएम फ़र्स्ट डिफ्रेंस स्पेसिफिकेशन का उपयोग करके लगाया जाता है ताकि एसएफबी के विशिष्ट प्रभाव हटा दिए जाएं। इसलिए, समीकरण (1) को निम्नानुसार पुन: प्रतिपादित किया जा सकता है।

$$y_{i,t} - y_{i,t-1} = \alpha(y_{i,t-1} - y_{i,t-2}) + \beta'(X_{i,t} - X_{i,t-1}) + (\varepsilon_{i,t} - \varepsilon_{i,t-1})$$

निम्न मान्यताओं के तहत: (ए) एरर शब्द क्रमिक रूप से सहसंबद्ध नहीं है, (बी) व्याख्यात्मक चर भविष्य में एरर अवधि की प्राप्ति के साथ सहसंबद्ध नहीं हैं, जीएमएम गतिशील पैनल अनुमानक निम्नलिखित स्थितियों को नियोजित करता है।

$$E[y_{i,t-s}.(\varepsilon_{i,t} - \varepsilon_{i,t-1})] = 0 \text{ for } s \geq 2;\ t = 3, \ldots, T$$

$$E[X_{i,t-s}.(\varepsilon_{i,t} - \varepsilon_{i,t-1})] = 0 \text{ for } s \geq 2;\ t = 3, \ldots, T$$

जीएमएम अंतर अनुमान में उपकरणों का अनुप्रयोग न केवल अंतर्जात के मुद्दे को प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है बल्कि ($Y_{i,t-1}$-$Y_{i,t-2}$) के साथ ($E_{i,t}$-$E_{i,t-1}$) के सहसंबंध को भी प्रबंधित करता है। इसके अतिरिक्त, जीएमएम अंतर उपकरणों की संख्या के मुद्दे को भी दरकिनार कर देता है, जो कि सिस्टम जीएमएम के सरगन टेस्ट के कमजोर होने के मामले में अन्यथा बड़ा हो सकता है।

समीकरण (1) का विस्तृत विवरण इस प्रकार है:

$$Dep_{i,t} = \beta_1 Dep_{i,t-1} + \beta_2 Log(Assets)_{i,t} + \beta_3 Efficiency_{i,t} + \beta_4 Leverage_{i,t} + \beta_5 Liquidity_{i,t} + \beta_6 Stressed_Advances_{i,t} + \beta_7 Banking_Business_{i,t} + \beta_8 COF_{i,t} + \beta_9 LLP_{i,t} + \beta_{10}(Effective_Tax)_{i,t} + TE + \eta_i + \varepsilon_{i,t} \quad ...(2)$$

जैसा कि देखा गया है, डीईपी हमारा आश्रित चर है जिसे लाभ मार्जिन, आरओई और आरओए के रूप में अलग-अलग स्वतंत्र चरों के सामान्य सेट के साथ जैसा कि समीकरण (2) के दाईं ओर दिखाया गया है, लिया जाता है। *टीई* नमूने में एसएफबी को प्रभावित करने वाले सभी समय के अलग-अलग कारकों को दर्शाने वाले समय को दर्शाता है।

5. विश्लेषण और परिणाम

एसएफबी के स्थानिक और प्रवृत्ति मूल्यांकन के एक सिंहावलोकन पर अगले उप-भाग में चर्चा की गई है। इसके बाद लाभप्रदता के निर्धारकों के प्रतिगमन विश्लेषण के आधार पर निष्कर्षों की प्रस्तुति है।

5.1 शोधपरक तथ्य

अन्य बैंक समूहों के साथ एसएफबी के प्रमुख अनुपातों और दरों की तुलना सारणी 2 (अनुबंध) में प्रस्तुत की गई है। अन्य बैंक समूहों की तुलना में एसएफबी के लिए उच्च ऋण जमा (सीडी) अनुपात देखा गया है, जो उपलब्ध निधि की उधार गतिविधि में उच्च रूपांतरण दर को दर्शाता है। एसएफबी का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करना था। यह वास्तव में एसएफबी के प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों के हिस्से के साथ अन्य पारंपरिक बैंकिंग समूहों[2] की तुलना में काफी अधिक पाया गया है। एसएफबी की जमाराशियों की वृद्धि दर और ऋण दोनों ही सामान्य रूप से लघु आधार के कारण अधिक होते हैं। अन्य बैंक समूहों की तुलना में एसएफबी के लिए लाभप्रदता और आस्तियों की गुणवत्ता के आंकड़े भी बेहतर हैं। इसके विपरीत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक समूह के लिए लाभप्रदता उपाय न के बराबर हैं।

बैंक शाखाओं के जनसंख्या समूह-वार वितरण पर चार्ट 1 से पता चलता है कि बैंक शाखाओं की कुल संख्या में से,

चार्ट 1: बैंक शाखाओं का जनसंख्या समूह-वार वितरण



[2] प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के संबंध में शर्तें एएनबीसी (समायोजित निवल बैंक ऋण) के प्रतिशत के रूप में अंतिम तुलन पत्र की तारीख पर हैं। सभी लघु वित्त बैंकों ने 75 प्रतिशत एएनबीसी के प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

चार्ट 2: बैंक शाखाओं का क्षेत्र-वार हिस्सा



स्रोत: शाखा बैंकिंग सांख्यिकी

एसएफबी[3] की अर्ध-शहरी शाखाओं का हिस्सा सबसे अधिक है जो कि मार्च 2020 में शाखाओं की संख्या लगभग 39 प्रतिशत है (सराफ और चव्हाण, 2021)। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र, जो वित्तीय समावेशन अभियान के लिए नीति निर्माताओं का विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं, मार्च 2020 में इन क्षेत्रों की कुल मिलाकर 57 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हालांकि, यह हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 61 प्रतिशत की तुलना में कम है, जिनका ग्रामीण वर्गों में बेहतर कवरेज है। मार्च 2018 के बाद से जनसंख्या समूहों में शाखाओं की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत समान रही है। चार्ट 2 के अनुसार, यह देखा गया है कि एसएफबी की कुल शाखाओं का लगभग 30 प्रतिशत शाखाएं दक्षिणी भारत में स्थित है, इसके बाद उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में प्रत्येक में लगभग 20 प्रतिशत है। यह इंगित करता है कि दक्षिणी क्षेत्रों में एसएफबी की अधिक प्रमुखता है, जो कई एसएफबी के दक्षिण भारत में सक्रिय होने के कारण आश्चर्यजनक नहीं है।

इसके बाद, एसएफबी में संतुलन पत्र की मदों की तुलना की जाती है। आस्ति के आकार के मामले में मार्च 2020 में सबसे बड़ा बैंक एसएफबी1[4] ₹42,064 करोड़ पर है, उसके बाद एसएफबी3 ₹19.315 करोड़ पर है। अकेले एसएफबी1 में कुल आस्ति के मामले में सभी एसएफबी की तुलना में लगभग 32 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दूसरी ओर, एसएफबी7, एसएफबी2, एसएफबी8 सबसे छोटे एसएफबी हैं जिनकी कुल संपत्ति ₹6,000 करोड़ से कम है। एसएफबी की आस्तियों के आस्ति पोर्टफोलियो का प्रमुख हिस्सा अग्रिम होता है और उसके बाद निवेश दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है (चार्ट 3)।

चार्ट 3: आस्ति का विवरण (₹ करोड़)- मार्च 2020



स्रोत: पर्यवेक्षी रिटर्न

[3] एसएफबी ने बैंक रहित ग्रामीण केंद्रों (यूआरसी) में 25 प्रतिशत बैंकिंग आउटलेट होने की शर्त पूरी कर ली है, क्योंकि 18 मई, 2017 की शाखा प्राधिकरण नीति पर युक्तिकरण' पर परिपत्र के अनुसार यूआरसी की परिभाषा में अधिक मानदंड शामिल हैं। इसलिए, यूआरसी में ग्रामीण शाखाएं और बैंकिंग आउटलेट समान नहीं हो सकते हैं।

[4] इसके बाद से दस लघु वित्त बैंकों को लगातार एसएफबी1, एसएफबी2, ..., एसएफबी10 के रूप में कूट बद्ध किया गया है।

चार्ट 4: प्रमुख देयता संकेतक : मार्च 2020



स्रोत: पर्यवेक्षी रिटर्न

लघु वित्त बैंकों के देयता पक्ष में, मार्च 2020 में सकल पूंजी में एसएफबी9 की सबसे अधिक 36 प्रतिशत हिस्सेदारी है, इसके बाद एसएफबी3 लघु वित्त बैंकों की सकल पूंजी का 22 प्रतिशत है। जबकि जमा पक्ष में, एसएफबी1 32 प्रतिशत के साथ सबसे बड़े खंड पर कब्जा करता है, उसके बाद इसी अवधि के लिए एसएफबी3 और एसएफबी9, प्रत्येक में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है (चार्ट 4)।

5.2 अनुभवजन्य परिणाम

सारणी 3 (अनुलग्नक) प्रमुख चरों के वर्णनात्मक आंकड़ों को सारणीबद्ध करती है। सभी लाभप्रदता अनुपात जैसे, लाभ मार्जिन, आरओई और आरओए केंद्रीय प्रवृत्ति के माध्य माप के अनुसार सुधार प्रदर्शित करते हैं। लेकिन, सितंबर 2018 में एक बढ़े हुए मानक विचलन[5] के साथ लाभप्रदता अनुपात का औसत तेजी से गिरा है। इसके अलावा, मार्च 2017 में केवल पांच एसएफबी क्रियाशील थे जो सितंबर 2018 में बढ़कर 10 हो गए, जिससे उच्च विस्तार में योगदान हुआ। कुल आस्तियों द्वारा मापे गए कुल आकार में औसत और माध्य दोनों के संदर्भ में बहुत कम वृद्धि हुई है। औसत दक्षता मार्च 2017 में 75 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2020 में 66 प्रतिशत हो गई है। मोटे तौर पर, चलनिधि और बैंकिंग व्यवसाय, दोनों में, सितंबर 2018 से मार्च 2020 तक कम परिवर्तनशीलता के साथ माध्य और माध्यिका दोनों के संदर्भ में वृद्धि हुई है।

प्रतिगमन परिणाम बाहरी प्रेक्षण(णों) के अस्तित्व से प्रभावित हो सकते हैं, जो समग्र परिणाम को दूषित कर सकते हैं। इस संबंध में, डीएफआईटीएस[6] उपाय व्यापक रूप से आउटलाइर्स (माध्य से अत्यधिक विचलन) की पहचान करने के लिए नियोजित है (वेल्श और कुह, 1977)। डीएफआईटीएस परीक्षण के आवेदन के बाद अनुभवजन्य जांच के लिए प्रेक्षणों की संख्या 109 थी। प्रतिगमन विश्लेषण करने से पहले, चर की स्थिरता स्थापित करना उचित है। गैर-स्थिर चरों को शामिल करने वाले प्रतिगमन अप्रामाणिक परिणाम दर्शाते हैं। इस संदर्भ में, पैनल यूनिट रूट परीक्षण किए गए जो यूनिट रूट की अमान्य परिकल्पना को अस्वीकार करने का सुझाव देते हैं (अनुलग्नक सारणी 4)। तदनुसार, हमने स्तर पर सभी चर शामिल किए हैं।

लाभप्रदता के निर्धारकों का जीएमएम अनुमान परिणाम सारणी 5 (अनुलग्नक) में दर्शाया गया है। केस 1, 2, 3 में आश्रित चर क्रमशः लाभ मार्जिन, आरओई और आरओए हैं। मोटे तौर पर,

5 यह एक एसएफबी के कारण हुआ है जो मार्च 2018 से क्रियाशील हुआ था। अपनी खराब वित्तीय स्थिति के कारण, इसने 2018 के दौरान एसएफबी के औसत स्कोर को नीचे गिरा दिया है।

6 डीएफआईटीएस एक नैदानिक उपाय है जिसका उपयोग प्रतिगमन में बाहरी टिप्पणियों का पता लगाने के लिए किया जाता है। डीएफआईटीएस i^{th} मामले के लिए अनुमानित मूल्यों के बीच एक छोटा अंतर है जब प्रतिगमन i^{th} अवलोकन के साथ और उसके बिना फिट होता है। डीएफआईटीएस का उच्च मूल्य जांच के योग्य है।

गुणांक के अनुमानों के संकेत और महत्व के परिणाम की मजबूती का संकेत देने वाले सभी तीन प्रतिगमनों में समान हैं। सबसे आगे, यह देखा गया है कि दक्षता तीनों मॉडलों के लिए लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। राखे (2010), डीट्रिच और वानजेनरिड (2014) से एसएफबी को भी निष्कर्षों का विस्तार करने वाले एसएफबी के मामले में सभी तीन मॉडलों के लिए उपार्जन की तुलना में उच्च परिचालन लागत स्पष्ट रूप से लाभप्रदता संकेतकों पर हानिकारक प्रभाव डाल रही है। उसके बाद, लीवरेज का गुणांक सभी मॉडल वेरिएंट में सकारात्मक और सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण पाया गया है। परिणाम एसएफबी के कार्य-निष्पादन को बढ़ाने पर पूंजी के उचित स्तर के मूल्यवान योगदान की ओर इंगित करता है। परिणाम अन्य अध्ययनों के संबंध में संगतपूर्ण है, जो पूंजी अनुपात के साथ समान निष्कर्ष प्राप्त करते हैं (डीट्रिच और वानजेनरिड, 2014; पेट्रिया *और अन्य*, 2015)। चलनिधि का अनुमान सकारात्मक है और लाभ मार्जिन और इक्विटी पर प्रतिफल के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, बैंकिंग व्यवसाय लाभप्रदता के सभी उपायों के लिए लाभकारी प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।

इसी कड़ी में, सभी मॉडलों के लिए वाल्ड आँकड़ा सहसंयोजकों के महत्व को इंगित करने हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अवशिष्ट सहसंबंध की अनुपस्थिति का संकेत देने वाले सभी मामलों के लिए पहले और दूसरे क्रम- दोनों का क्रमिक सहसंबंध महत्वहीन है। अधिक पहचान प्रतिबंधों के सरगन आंकड़े सारणीबद्ध हैं जो कि उपकरणों की वैधता स्थापित करते हैं। कुल मिलाकर, ये परिणाम लाभप्रद परिचालन के लिए बैंकों के आंतरिक कारकों जैसे दक्षता, लीवरेज, चलनिधि और बैंकिंग व्यवसाय के सापेक्ष महत्व को दर्शाते हैं।

6. निष्कर्ष

एसएफबी को समाज के वंचित और सीमांत वर्गों की सेवा करने के उद्देश्य से लाइसेंस प्रदान किया गया है। समय के साथ, रिज़र्व बैंक लघु वित्त बैंकों की अधिक प्रभावशीलता के लिए दिशानिर्देशों को अद्यतन करता रहा है। इस अध्ययन के समय एसएफबी तीन साल से अधिक समय से परिचालन में हैं। इस संबंध में, अध्ययन लघु वित्त बैंकों के परिचालनगत कार्य-निष्पादन का आंकलन करने का प्रयास करता है। प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि एसएफबी प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र की सेवा करने में अग्रणी हैं। अधिकांश एसएफबी हाल की तिमाहियों में और सुधार के साथ स्वस्थ प्रदर्शन कर रहे हैं।

अनुभवजन्य परिणाम दर्शाते हैं कि दक्षता, लीवरेज, चलनिधि और बैंकिंग व्यवसाय जैसे सूक्ष्म कारक परिचालन की इस प्रारंभिक अवधि के दौरान लघु वित्त बैंकों की लाभप्रदता निर्धारित करने में महत्वपूर्ण हैं। इसका परिणाम यह हो सकता है कि एसएफबी विशुद्ध रूप से लाभ कमाने वाले मध्यस्थ के बजाय कम-विशेषाधिकार प्राप्त आबादी के आला वर्ग की सेवा के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं। सीमित समयावधि उपलब्ध होने के कारण, विश्लेषण के परिणाम को इस स्तर पर सांकेतिक माना जा सकता है और आगे चलकर अधिक-से-अधिक डेटा के साथ इसकी पुष्टि की जानी चाहिए।

संदर्भ

Albertazzi, U., and Gambacorta, L. (2009), "Bank profitability and the business cycle", *Journal of Financial Stability*, 5(4), 393–409.

Arellano, M., and Bond, S. (1991), "Some tests of specification for panel data: Monte Carlo evidence and an application to employment equations", *The Review of Economic Studies*, 58(2), 277-297.

Arellano, M., and Bover, O. (1995), "Another look at the instrumental variable estimation of error-components models", *Journal of Econometrics*, 68(1), 29-51.

Berger, A. N., and Bouwman, C. H. (2013), "How does capital affect bank performance during financial crises?" *Journal of Financial Economics*, 109(1), 146-176.

Berger, A. N., Kashyap, A. K., Scalise, J. M., Gertler, M., and Friedman, B. M. (1995), "The transformation of the US banking industry: What a long, strange trip it's been", Brookings papers on economic activity, 1995(2), 55-218. 2017-18.

Berger, A. N., and Udell, G. F. (1995), "Relationship lending and lines of credit in small firm finance", *Journal of Business*, 351-381.

Demirguc-Kunt, A., and Huizinga, H. (1999), "Determinants of commercial bank interest margins and profitability: Some international evidence", *World Bank Economic Review*, 13(2), 379–408.

Dietrich, A., and Wanzenried, G. (2014), "The determinants of commercial banking profitability in low-, middle-, and high-income countries", *The Quarterly Review of Economics and Finance*, 54(3), 337-354.

Gandhi, R. (2015), "Disruptive Innovation and Inclusive Growth – Some Random Thoughts", Speech delivered at FIBAC 2015, Mumbai, August 25, 2015.

Government of India (2020), "Annual Report 2019-20", Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises.

Hakenes, H., Hasan, I., Molyneux, P., and Xie, R. (2015). Small banks and local economic development. *Review of Finance*, 19(2), 653-683.

Hasan, I., Jackowicz, K., Kowalewski, O., and Kozlowski, L. (2017). Do local banking market structures matter for SME financing and performance? New evidence from an emerging economy. *Journal of Banking and Finance*, 79, 142-158.

Petria, N., Capraru, B., and Ihnatov, I. (2015), "Determinants of banks' profitability: evidence from EU 27 banking systems", *Procedia Economics and Finance*, 20(15), 518-524.

Rakhe, P. B. (2010), "Profitability of foreign banks vis-à-vis other bank groups in India–a panel data analysis", *Reserve Bank of India Occasional Papers*, 31(2), 49-67.

Reserve Bank of India (2014), "RBI releases Guidelines for Licensing of Small Finance Banks in the Private Sector", Department of Communications (November 27, 2014), Mumbai.

Reserve Bank of India (2019), Draft Guidelines for "on tap" Licensing of Small Finance Banks in the Private Sector, Reserve Bank of India (September 13, 2019).

Saraf, R., Chavan, P. (2021), "Small Finance Banks: Balancing Financial Inclusion and Viability", *RBI Bulletin*, January 2021, pp. 49-60.

Welsch, R. E., and Kuh, E. (1977), "Linear regression diagnostics", (No. w0173), National Bureau of Economic Research.

अनुबंध

सारणी 2: बैंक समूह-वार प्रमुख संकेतक

(प्रतिशत)

अवधि	अनुपात	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	निजी क्षेत्र के बैंक	विदेशी बैंक	लघु वित्त बैंक
2018-19	सीडी अनुपात	69.44	88.26	68.26	120.91
	कुल जमाराशि की तुलना में मांग और बचत जमा	39.5	41.46	39.81	18.71
	जमा वृद्धि	2.71	25.1	17.45	112.95
	कुल अग्रिम में से प्राथमिकता क्षेत्र के लिए	32.7	30.21	27.08	68.32
	अग्रिम वृद्धि	3.43	24.96	13.02	70.48
	आस्ति पर प्रतिफल	-0.65	0.63	1.56	1.59
	इक्विटी पर प्रतिफल	-11.44	5.45	8.77	12.59
	जीएनपीए अनुपात	11.59	5.25	2.99	1.83
2019-20	सीडी अनुपात	68.06	87.16	62.56	109.81
	कुल जमाराशि की तुलना में मांग और बचत जमा	39.93	41.36	42.07	15.35
	जमा वृद्धि	6.62	10.32	17.73	67.73
	कुल अग्रिम में से प्राथमिकता क्षेत्र के लिए	31.87	30.92	27.08	71.79
	अग्रिम वृद्धि	4.5	8.95	7.9	52.33
	आस्ति पर प्रतिफल	-0.23	0.51	1.55	1.7
	इक्विटी पर प्रतिफल	-4.16	3.3	8.76	15
	जीएनपीए अनुपात	10.25	5.45	2.34	1.87

स्रोत: भारत में बैंकों से संबंधित सांख्यिकीय सारणियां, मार्च 2020

सारणी 3: वर्णनात्मक सांख्यिकी

चर	मार्च 2017			सितंबर 2018			मार्च 2020		
	माध्यिका	माध्य	मानक विचलन	माध्यिका	माध्य	मानक विचलन	माध्यिका	माध्य	मानक विचलन
लाभ का अंतर	5.36	4.34	3.49	10.44	-6.42	67.37	11.68	9.40	4.48
इक्विटी पर प्रतिफल	1.59	3.31	4.04	11.72	-14.91	101.34	13.08	12.72	6.50
आस्ति पर प्रतिफल	0.18	0.39	0.50	1.72	-0.56	10.59	2.04	1.67	0.90
इन (एसेट्स)	12.35	12.75	0.64	12.91	12.98	0.81	13.42	13.46	0.84
दक्षता	75.27	78.08	9.91	64.52	73.51	55.59	65.64	63.90	10.28
लीवरेज	10.87	10.08	5.77	4.56	6.75	6.66	3.07	4.58	4.70
चलनिधि	34.43	35.51	7.63	24.44	24.69	6.02	27.28	27.42	3.89
दबावग्रस्त अग्रिम	0.53	1.08	1.44	2.20	5.45	10.48	1.72	1.88	0.88
बैंकिंग व्यवसाय	71.09	78.74	27.32	104.91	102.36	14.99	108.94	111.93	12.22
सीओएफ	1.92	3.50	2.92	9.21	9.07	1.48	8.69	8.56	0.89
एलएलपी	0.29	0.52	0.70	1.21	3.65	7.48	0.83	0.89	0.41
प्रभावी कर	45.03	54.52	26.72	26.69	11.28	37.39	24.97	20.53	10.26

टिप्पणी: (आस्ति) को छोड़कर सभी चर का प्रतिशत

स्रोत: पर्यवेक्षी रिटर्न

सारणी 4: पैनल यूनिट रूट टेस्ट के परिणाम

चर	प्रतिलोम काई-वर्ग (ची-स्क्वायर) आंकड़े	संशोधित काई-वर्ग (ची-स्क्वायर) आंकड़े
लाभ का अंतर	53.32***	5.27***
इक्विटी पर प्रतिफल	32.7**	2.01**
आस्ति पर प्रतिफल	32.12**	1.92**
इन (एसेट्स)	88.02***	10.75***
दक्षता	63.43***	6.87***
लीवरेज	28.67*	1.37*
चलनिधि	67.64***	7.53***
दबावग्रस्त अग्रिम	163.94***	22.76***
बैंकिंग व्यवसाय	72.6***	8.32***
सीओएफ	469.89***	71.13***
एलएलपी	173.55***	24.28***
प्रभावी कर	167.16***	23.27***

टिप्पणी: असंतुलित पैनल डेटा के लिए प्रवृत्ति सहित फिलिप्स-पेरॉन यूनिट रूट टेस्ट लागू किया गया है। परीक्षण की जा रही अशक्त परिकल्पना यह है कि सभी पैनलों में एक यूनिट रूट होती है। *, **, *** क्रमशः 10, 5 और 1 प्रतिशत के स्तर पर महत्व दर्शाते हैं।

स्रोत: लेखकों की गणना।

सारणी 5: एसएफबी के प्रदर्शन का अनुमान परिणाम

चर	लाभ का अंतर	इक्विटी पर प्रतिफल	आस्ति पर प्रतिफल
	(1)	(2)	(3)
एल1. डीईपी	0.138	-0.003	0.152
	(0.286)	(0.149)	(0.308)
इन (एसेट्स)	9.492	20.491	1.764
	(8.54)	(12.556)	(1.672)
दक्षता	-0.635***	-0.602***	-0.113***
	(0.124)	(0.089)	(0.019)
लीवरेज	2.14***	3.961***	0.307***
	(0.605)	(0.698)	(0.101)
चलनिधि	0.631**	0.877***	0.09
	(0.293)	(0.319)	(0.058)
दबावग्रस्त अग्रिम	2.348	1.084	0.368
	(1.531)	(1.523)	(0.26)
बैंकिंग व्यवसाय	0.566***	0.831***	0.09***
	(0.133)	(0.155)	(0.024)
सीओएफ	-1.268	1.579	0.109
	(1.496)	(0.997)	(0.201)
एलएलपी	-2.447	-1.377	-0.441
	(2.13)	(2.464)	(0.375)
प्रभावी कर	0.003	0.02	2.3E-04
	(0.013)	(0.016)	(0.002)
मॉडल निदान			
वाल्ड आंकड़े	415.39***	803.98***	666.60***
एआर-1	-0.33	0.09	-0.25
एआर-2	0.72	0.47	0.70
सरगन आँकड़े	0.01	1.16	0.03

सभी मॉडलों का अनुमान जीएमएम फ़र्स्ट-डिफ्रेंस स्पेसीफिकेशन का उपयोग करके लगाया गया है। *, **, *** क्रमशः 10, 5 और 1 प्रतिशत के स्तर पर महत्व को दर्शाते हैं। सारणी को उदार रखने के लिए टीई के अनुमानों को प्रदर्शित नहीं किया जाता है। एल1. डीईपी आश्रित चर के पहले अंतराल का प्रतिनिधित्व करता है। कोष्ठक में दिए गए अंक मानक त्रुटि को दर्शाते हैं।

स्रोत: लेखकों की गणना।